PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
गुरुवार 23 अप्रैल 2026
01



प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

# आईआरएस अधिकारी की बेटी की हत्या: सट्टा, कर्ज और अपमान ने ली जान

दक्षिणी दिल्ली के पॉश इलाके कैलाश हिल में 22 वर्षीय युवती की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या से सनसनी फैल गई। पीड़िता एक वरिष्ठ भारतीय राजस्व सेवा (IRS) अधिकारी की बेटी थीं और आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग करने के बाद सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही थीं। इस वारदात ने न सिर्फ राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि भरोसे के रिश्ते को भी झकझोर कर रख दिया है। आरोपी की पहचान राहुल मीणा (19) के रूप में हुई है, जो पहले पीड़िता के घर में काम करता था। उसे लगभग डेढ़ महीने पहले पैसों में हेराफेरी के शक में नौकरी से निकाल दिया गया था। पुलिस ने उसे द्वारका के एक होटल से गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है कि राहुल ऑनलाइन सट्टेबाजी का आदी था और लगातार कर्ज में डूबता जा रहा था। उसने पड़ोसियों और दुकानदारों से उधार लिया, यहां तक कि कुछ जगहों पर परिवार का नाम लेकर भी पैसे लिए। एक पड़ोसी से करीब डेढ़ लाख रुपये उधार लेने की बात सामने आई है। जब पैसे लौटाने का दबाव बढ़ा तो विवाद शुरू हो गए और शिकायतें घर तक पहुंचीं।

## अफसर की बेटी की दरिंदगी के बाद हत्या







- आईआरएस अधिकारी की बेटी का हैवानियत के बाद कत्ल
- फोन चार्जर के केबल से गला घोंटकर हत्या, पूर्व नौकर गिरफ्तार
- डेढ़ महीने पहले हेराफेरी के चलते आरोपी को हटाया था
- युवती ने किया था संघर्ष : चेहरे और शरीर पर चोट के निशान



नौकरी से निकाले जाने के बाद आरोपी अंदर ही अंदर रंजिश पालने लगा। पुलिस का मानना है कि आर्थिक दबाव, अपमान और बदले की भावना ने उसे इस खौफनाक अपराध की ओर धकेला।

### 41 मिनट की हैवानियत

वारदात वाले दिन सुबह करीब छह बजे जब पीड़िता के माता-पिता जिम के लिए निकले, आरोपी पास के आस्था कुंज पार्क में छिपा हुआ था। उसे घर की दिनचर्या और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी थी। जैसे ही परिवार बाहर गया, वह घर में दाखिल हो गया।

पुलिस के मुताबिक वह करीब 41 मिनट तक घर के अंदर रहा। इस दौरान उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर मोबाइल चार्जर की केबल से गला घोंटकर हत्या कर दी। शुरुआती जांच में युवती के चेहरे और शरीर पर संघर्ष के गंभीर निशान पाए गए हैं।

### पहले भी कर चुका था अपराध

जांच में यह भी सामने आया है कि दिल्ली आने से एक दिन पहले आरोपी ने अपने गांव (अलवर) में दोस्त की पत्नी के साथ दुष्कर्म किया था। उस मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# अलीगढ़ में 321 करोड़ खर्च के बाद भी गर्मी में बिजली बेपटरी

## फॉल्ट-ट्रिपिंग से बढ़ी परेशानी



अलीगढ़ में भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती और बार-बार फॉल्ट-ट्रिपिंग ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 42 डिग्री तापमान में जहां निर्बाध आपूर्ति की जरूरत है, वहीं शहर और देहात दोनों क्षेत्रों में सप्लाई व्यवस्था बार-बार चरमराती नजर आ रही है। साल 2024 से 2025 के बीच जिले के 394 फीडरों पर सुधार कार्य के नाम पर करीब 321 करोड़ रुपये खर्च किए गए। विभागीय आंकड़ों के अनुसार 100.29 किमी नई केबल बिछाई गई, 578.16 किमी एलटी लाइन को एबी केबल में बदला गया, 2169.1 किमी जर्जर केबल बदली गईं और 508 किमी लाइन को एरियल बंच केबल से मजबूत किया गया। साथ ही 149.049 किमी लाइन का फीडर बंटवारा किया गया और 400 फीडरों पर घरेलू, व्यावसायिक व औद्योगिक आपूर्ति अलग-अलग की गई। इतने बड़े बजट और कार्यों के बावजूद जमीनी हकीकत अलग नजर आ रही है। शहर में दिन में कई बार बिजली ट्रिप हो रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों की कटौती आम हो गई है। ट्रांसफॉर्मर फुंकने, लो-वोल्टेज और तेल की कमी जैसी समस्याएं अब भी सामने आ रही हैं। बिजली विभाग का कहना है कि तापमान बढ़ने से लोड बढ़ गया है, जिससे ब्रेकडाउन और फॉल्ट की घटनाएं बढ़ी हैं। हालांकि उपभोक्ताओं का सवाल है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी अगर हालात नहीं सुधरे, तो जिम्मेदारी किसकी है? गर्मी अभी और बढ़नी है, ऐसे में लोगों को राहत कब मिलेगी, यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

# अलीगढ़: डीएस डिग्री कॉलेज में 12 हजार की सैलरी पर 'गोलू' लंगूर बना गार्ड

अलीगढ़ के डीएस डिग्री कॉलेज में बंदरों के आतंक से निपटने के लिए अनोखा तरीका अपनाया गया है। कॉलेज प्रबंधन ने 'गोलू' नाम के लंगूर को गार्ड के रूप में तैनात किया है। उसे हर महीने 12 हजार रुपये वेतन दिया जा रहा है और उसकी ड्यूटी सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक तय है। कभी बंदरों की उछल-कूद से परेशान रहने वाले छात्र-छात्राएं अब बेफिक्र होकर कैंपस में पहुंच रहे हैं। जैसे ही बंदरों का झुंड दिखाई देता है, गोलू की मौजूदगी से वे भाग खड़े होते हैं। ड्यूटी के दौरान गोलू पूरे परिसर में गश्त करता है और शाम को कॉलेज के एक पेड़ पर बने अपने ठिकाने पर लौट जाता है।





कॉलेज प्रशासन के अनुसार, यह व्यवस्था पिछले छह महीनों से चल रही है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। परिसर में बंदरों का उत्पात काफी कम हुआ है। छात्र-छात्राएं गोलू के साथ सेल्फी ले रहे हैं और सोशल मीडिया पर वह 'लंगूर गार्ड' के नाम से चर्चा में है। प्राचार्य डॉ. मुकेश भारद्वाज का कहना है कि कम खर्च में यह समाधान बेहद कारगर साबित हुआ है। गोलू अब सिर्फ एक लंगूर नहीं, बल्कि पूरे कैंपस का 'हीरो' बन चुका है।

# वॉशिंगटन: पहलगाम बरसी पर US ने पाकिस्तान को घेरा

वॉशिंगटन में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक डिजिटल प्रदर्शनी के दौरान 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर अमेरिकी सांसदों ने एक सुर में पाकिस्तान से Lashkar-e-Taiba और Jaish-e-Mohammed जैसे आतंकी संगठनों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई। डेमोक्रेट सांसद Brad Sherman ने कहा कि पहलगाम हमले के पीछे 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' का हाथ था, जिसका संबंध लश्कर से बताया जाता है, और ऐसे संगठनों को पाकिस्तान में पनाह मिलना चिंताजनक है।



प्रदर्शनी में 1993 मुंबई बम धमाकों, 2008 मुंबई हमलों और पहलगाम हमले से जुड़ी तस्वीरें और तथ्य प्रस्तुत किए गए, जिनमें पाकिस्तान से संचालित आतंकी नेटवर्क की ओर इशारा किया गया। अमेरिका में भारत के राजदूत Vinay Mohan Kwatra ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है और भारत इसे जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट—दोनों दलों के सांसद शामिल हुए।

# Aaj Ka Rashifal 23 April

## इन चार राशि वालों के लिए दिन रहेगा शुभ, मिलेगा भाग्य का साथ

23 April Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 23 अप्रैल 2026 का राशिफल।23 अप्रैल को वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि है। ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर 23 अप्रैल को ग्रहों-नक्षत्रों की चाल के अनुसार कई राशि वालों को अच्छी और शुभ सूचनाएं सुनने को मिल सकती है।





### मेष

आज आपका व्यक्तित्व नेतृत्व से चमकेगा। लोग खुद आपकी बात मानेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं, जो भविष्य में बड़ा अवसर बन सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें, आज शब्द ही आपकी ताकत भी हैं और कमजोरी भी। बोलने से पहले सोचें। माता-पिता की सलाह आपके लिए मार्गदर्शक साबित होगी। सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में फोकस बनाए रखना होगा। कोई पुराना लेन-देन या विवाद सुलझने से मन हल्का और संतुष्ट रहेगा।



### वृषभ

आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बेहद खास है। आपको कोई जिम्मेदारी भरा पद मिल सकता है, जिससे आपकी पहचान और बढ़ेगी। आसपास के लोगों को पहचानना जरूरी है। हर कोई आपका शुभचिंतक नहीं है। संतान की ओर से खुशखबरी मिल सकती है, जो आपका दिल खुश कर देगी। परिवार में किया हुआ कोई वादा आज निभाना होगा। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याएं सुलझने के संकेत हैं।आप उन्नति की राह पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।



### मिथुन

आज का दिन थोड़ा संतुलन मांगता है। नए संपर्क लाभ देंगे, लेकिन सेहत में उतार-चढ़ाव आपको परेशान कर सकता है। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपको उलझाने की कोशिश कर सकते हैं। सतर्क रहें। किसी की बातों में आकर जल्दबाजी में निर्णय न लें, नहीं तो पछताना पड़ सकता है। बिजनेस में हल्की अस्थिरता रहेगी। मां से किया वादा पूरा करना आज आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।



### कर्क

आज बेवजह का तनाव छोड़कर सुकून की राह अपनाएं। आपका झुकाव आध्यात्म की ओर रहेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो आगे फायदेमंद होगी। सरकारी मामलों में सोच-समझकर बोलना जरूरी है। भाई-बहनों से चल रही अनबन बातचीत से खत्म हो सकती है। धन से जुड़ा कोई रुका काम भी पूरा होने के संकेत हैं।



### सिंह

आज मेहनत आपका सबसे बड़ा हथियार बनेगी। बिजनेस में किए गए बदलाव आपके लिए लाभकारी साबित होंगे। विदेश यात्रा की योजना बन सकती है। प्रेम संबंधों में गहराई आएगी और रिश्ते मजबूत होंगे। कीमती सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। माता-पिता का आशीर्वाद आपके साथ रहेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का योग बन रहा है और संतान से किया वादा निभाकर आप उनका दिल जीतेंगे।



### कन्या

आज करियर में सफलता आपका इंतजार कर रही है। काम का बोझ भले ज्यादा हो, लेकिन आप हर काम को बेहतरीन तरीके से पूरा करेंगे। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। भाई-बहनों के मामलों में बेवजह दखल देने से बचें। परिवार का कोई सदस्य नौकरी के लिए बाहर जा सकता है। पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता और भी आसान होगी।



### तुला

आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होने वाली है। नए निवेश के अवसर मिलेंगे और बिजनेस में पार्टनरशिप भी फायदेमंद रहेगी। नया घर या प्रॉपर्टी खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है। बाहर का खाना खाने से बचें, नहीं तो पेट की समस्या परेशान कर सकती है। छोटे बच्चों की कोई फरमाइश आपको पूरी करनी पड़ेगी। नए साल की शुरुआत धार्मिक यात्रा से हो सकती है, जो आपको सुकून देगी।



### वृश्चिक

आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और दिल गर्व से भर जाएगा। करियर में नए अवसर सामने आएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भागदौड़ रहेगी, लेकिन धीरे-धीरे रास्ता साफ होगा। परिवार में नए मेहमान के आने से खुशियों का माहौल बनेगा। राजनीति से जुड़े लोग सोच-समझकर कदम बढ़ाएं। पुराने दोस्त से मुलाकात यादगार रहेगी। सरकारी कामों में थोड़ी रुकावट आ सकती है।



### धनु

आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। इस ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर आप बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। विरोधियों को भी आप अपनी समझदारी से पीछे छोड़ देंगे। बॉस की बातों पर ध्यान देना जरूरी है। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। मन की कोई इच्छा पूरी करने के लिए आप मां से सलाह ले सकते हैं।



### मकर

आज प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में सफलता के योग हैं। भागदौड़ जरूर रहेगी, लेकिन उसका फल भी मिलेगा। पार्टनर पर भरोसा करने से पहले अच्छे से सोच लें। कार्यक्षेत्र में कोई खुशखबरी मिल सकती है। घर बनाने की योजना भी शुरू हो सकती है। लेकिन सावधान रहें। कोई पुराना राज सामने आ सकता है। जरूरी जानकारी किसी से साझा करने से बचें।



### कुंभ

आज का दिन आपके लिए नई शुरुआत का संकेत दे रहा है। आप अपनी योजनाओं को पूरा करने में जुटे रहेंगे और सफलता भी मिलेगी। अगर पिताजी से कोई नाराजगी चल रही है, तो समझदारी से बात करके उसे खत्म करें। आपकी मेहनत रंग लाएगी। बच्चों के साथ बिताया समय आपको खुशी देगा और तनाव दूर करेगा।



### मीन

आज का दिन मिला-जुला रहेगा, लेकिन सीख देने वाला होगा। कुछ कामों में रुकावट आ सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें। मौसम का असर सेहत पर पड़ सकता है। सावधानी रखें। बिजनेस में पार्टनर से अच्छी खबर मिल सकती है। कोई पुरानी समस्या सुलझने से राहत मिलेगी। पैसों की जरूरत के लिए परिवार या बैंक का सहारा लेना पड़ सकता है। समझदारी से फैसले लेंगे तो दिन आपके पक्ष में हो जाएगा।

# UP: प्रचंड गर्मी की चपेट में प्रदेश,

## 25 अप्रैल तक लगातार बढ़ता रहेगा तापमान; इन जिलों में आज चलेगी जानलेवा लू



यूपी में मौसम लगातार गर्म बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 25 अप्रैल तक लू से किसी प्रकार की राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और तपिश का प्रकोप लगातार जारी है। बुधवार को बुंदेलखंड इलाके के साथ ही कई अन्य जिले गर्म हवा और लू के थपेड़ों की चपेट में रहे। बांदा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा और देश में तीसरे नंबर पर रहा। मौसम विभाग का कहना है कि 25 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होगी और लू से प्रभावित क्षेत्रों का दायरा बढेगा। फिलहाल अगले दो दिनों तक इस प्रचंड गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। बृहस्पतिवार के लिए यूपी के 22 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया गया है। बुधवार को बांदा में अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं वहीं 43.7 डिग्री के साथ प्रयागराज प्रदेश में दूसरे नंबर पर रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल से एक नए विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश भर में बादलों की सक्रियता बढ़ेगी और पश्चिमी यूपी, तराई आदि में बूंदाबांदी से पारे में गिरावट के संकेत हैं।बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर आजमगढ़, मऊ, बलिया, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नोज, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी व आस पास के क्षेत्र। राजधानी में बुधवार को भी लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। झुलसा देने वाली धूप के साथ दिन में पछुआ हवाओं ने आग में घी का काम किया। अधिकतम तापमान में भी बढ़त दर्ज की गई।

# गाजीपुर में सड़क हादसा:

## युवक की मौत...दोस्त घायल, परिजनों में मची चीख-पुकार; जरूरी काम से जाना था कासिमाबाद



घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां शीला देवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है गाजीपुर के कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र में कासिमाबाद-गाजीपुर मार्ग पर बहरामपुर काली मंदिर के पास बुधवार की रात दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।प्रभारी निरीक्षक राज नारायण के अनुसार, गंगौली गांव निवासी लालचन राजभर उर्फ नागा राजभर ने रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना दी कि उनके 22 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश राजभर अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासिमाबाद पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे में घायल उसका साथी नीतीश, जो सहाबुद्दीनपुर गांव का रहने वाला है, को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि नीतीश ने ही रात में ओमप्रकाश को फोन कर कासिमाबाद बुलाया था। इसके बाद ओमप्रकाश घर से बाइक लेकर निकला था, लेकिन रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।परिजनों के मुताबिक, ओमप्रकाश छह भाइयों में पांचवें नंबर पर था और चेन्नई में रहकर काम करता था। वह करीब एक माह पहले ही घर आया था और गुरुवार को वापस चेन्नई लौटने के लिए उसका रिजर्वेशन भी कराया गया था। घर लौटने की तैयारी के बीच हुई इस दुर्घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है।

## रजनीकांत ने डाला वोट बेटी संग लाइन में खड़े रहे कमल हासन



लाइन में लगे रहे। आम लोगों के बीच कमल हासन शांत भाव से खड़े नजर आए। कमल हासन ने वोट देने के बाद स्याई लगी उंगुली कैमरे को दिखाई। तमिलनाडु चुनावों में अपनी किस्मत आजमा रहे विजय थलापति भी वोट डालने मतदान केंद्र पर पहुंचे हैं। उन्हें भीड़ ने

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में मतदान जारी है। दक्षिण भारत बुरी तरह से घेर लिया था। पुलिस
के कई सुपरस्टार भी अलग-अलग पोलिंग बूथ पर अपना किसी तरह से उन्हें मतदान केंद्र
मतदान करते नजर आए। कमल हासन अपनी बेटी श्रुति हासन तक लेकर गईं। विजय ने वोट
के साथ वोट डालने पहुंचे। वहां उन्होंने आम लोगों की तरह डाला और बाहर आकर लोगों
लाइन में लगकर वोट डाला। टीवीके प्रमुख और अभिनेता को नमस्कार किया। मतदान के
थलापति विजय भी अपना वोट डालने पोलिंग बूथ पहुंचे। यहां बाद उनके राजनीतिक सफर का
भीड़ ने उन्हें घेर लिया। साउथ सुपरस्टार अजित कुमार भी भविष्य तय होगा। अजित कुमार
मतदान करने पहुंचे। चेन्नई के स्कूल पहुंचकर सुपरस्टार ने चेन्नई के तिरुवनमियूर स्थित
रजनीकांत ने भी अपना वोट दिया। साउथ के सुपरस्टार एक मतदान केंद्र पर अपना वोट
रजनीकांत ने भी अपना वोट डाला है । वह चेन्नई के स्टेला डाला। अपना काम छोड़कर
मैरिस स्कूल के मतदान केंद्र में वोट डालने हासन के साथ वोट खास वोट डालने के लिए वह
डालने पहुंचे थे। कमल हासन अपनी बेटी श्रुतिवह बहुत देर तक बीते दिनों देश वापस लौटे हैं।

## शादी में लड़कियों के साथ डांस करते दिखे इब्राहिम अली खान



सैफ अली खान अक्षय कुमार के साथ अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट 'हैवान' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उनके बेटे इब्राहिम अली खान तुर्की में अपनी ट्रिप का मजा ले रहे हैं। इस्तांबुल में एक डेस्टिनेशन वेडिंग में खूब मस्ती करते और एन्जॉय करते हुए एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शफिया शालबाना नाम की एक इन्फ्लुएंसर ने हाल ही में इस्तांबुल से एक वीडियो शेयर किया,इब्राहिम को एक याट पर दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि इब्राहिम जश्न में पूरी तरह डूबे हैं। वह दूसरे मेहमानों के साथ स्टेज पर पूरे जोश के साथ डांस कर रहे हैं और अपने आस-पास के लोगों से आराम से बातचीत कर रहे हैं। 'सरजमीन' एक्टर बंदगला पहने हुए बहुत हैंडसम लग रहे हैं। जश्न में वह काफी रिलैक्स नजर आए

## गाउन पहन कर इवेंट में पहुंचीं मलाइका अरोड़ा



सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि मलाइका अरोड़ा एक इवेंट में पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने बैकलेस शिमरी गाउन पहना। इसके साथ उन्होंने हाई हील पहनी। उन्होंने अपने बाल खुले छोड़े और डार्क मेकअप किया। जहां कई यूजर्स को मलाइका का ये लुक काफी पसंद आया वहीं कई यूजर्स ने इस लुक के लिए उन्हें ट्रोल कर दिया।वायरल वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा 'क्यूट'। एक दूसरे यूजर ने उन्हें बहुत खूबसूरत बताया है।यूजर ने लिखा 'मैं मलाइका से प्यार करता हूं।'कई यूजर्स ने मलाइका को ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा है 'ये हमेशा ऐसे ही चलेंगी, सीधी नहीं चल पाएंगी क्या?' एक और यूजर ने लिखा है 'बैठने में भी मुश्किल।' एक और ने लिखा है 'ध्यान से बैठना मलाइका कहीं कपड़ा फट ना जाए।' एक और यूजर ने लिखा 'मलाइका बतख की चाल चल रही हैं।' एक यूजर ने लिखा है ' मुन्नी बदनाम हुई।'

## इम्तियाज अली ने दिलजीत दोसांझ को सराहा



आईएनएस से बात करते हुए इम्तियाज अली ने दिलजीत दोसांझ के साथ काम करने के दौरान आने वाली चुनौतियों और सहजता के बारे में बात की। जब उनसे पूछा गया कि उनकी कहानियों में दिलजीत जैसे सहज कलाकार का होना उनके लिए नए रास्ते कैसे खोलता हैइस पर इम्तियाज ने बताया कि इससे काम बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है, क्योंकि इससे काम आसान हो जाता है। आप एक ऐसे कोण पर होते हैं जहां आपको लगता है कि आप ज्यादा आसानी से बात और अपना काम कर सकते हैं।उनके साथ संवाद करने में मुझे शुरू से ही सहजता महसूस होती है। आप आधा वाक्य कहते हैं, वह बाकी समझ जाते हैं और फिर वह बहुत कुछ जोड़ देते हैं। वह शुद्धता से बोलते हैं, वह दर्शकों से भी ज्यादा जुड़े हुए हैं। लोग उन्हें समझते हैं।

## पायल कपाड़िया ने रचा इतिहास, कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में मिली बड़ी जिम्मेदारी



भारत के लिए एक गर्व का क्षण सामने आया है। भारतीय फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। वो कान फिल्म फेस्टिवल में क्रिटिक्स वीक की जूरी की अध्यक्ष होंगी। ऐसा करने वाली वो पहली भारतीय हैं।पिछले साल अपनी फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' के लिए प्रतिष्ठित 'ग्रैंड प्रिक्स' जीतकर इतिहास रचने वाली पायल अब इस कान के वैश्विक मंच पर जूरी का नेतृत्व करेंगी। ये सम्मान पाने वाली वो पहली भारतीय फिल्म निर्माता हैं। हॉलीवुड रिपोर्टर के मुताबिक, उनके साथ इस वैश्विक जूरी में कनाडाई अभिनेता थिओडोर पेलरीन, गायक-गीतकार ओक्लू, निर्माता अमा अम्पाडू और बैंकॉक वर्ल्ड फिल्म फेस्टिवल के निदेशक डॉनसरन कोविटवानिचा भी शामिल होंगे। विभिन्न देशों के एक्सपर्ट्स से सजी ये जूरी दुनियाभर की बेहतरीन उभरते टेलेंट्स का चयन करेगी। क्रिटिक्स वीक का आयोजन कान में 13 से 21 मई तक किया जाएगा।पायल कपाड़िया के विजन की कान क्रिटिक्स वीक ने जमकर सराहना भी की। क्रिटिक्स वीक ने एक बयान में कहा कि पायल कपाडिया ने छह शॉर्ट और फीचर फिल्मों के जरिए से ऐसी फिल्में बनाई हैं, जिनमें कविता उनके देश के प्रति उनके अडिग राजनीतिक दृष्टिकोण के साथ विरोधाभास पैदा करती है। यह द्वंद्व उनके सिनेमा की सबसे बड़ी ताकत है। एक ऐसा ब्रह्मांड जो लोक कथाओं को व्यक्त करने और इनविजिबल लाइफ, क्लास स्ट्रगल और महिलाओं के जीवन की सच्चाई को सामने लाने के लिए सभी रूपों को समाहित करता है।वैरायटी के मुताबिक, जज की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए पायल ने कहा कि फिल्म फेस्टिवल में फिल्मों के चयन के कारण एक फिल्म निर्माता के रूप में मेरी अपनी यात्रा को शुरुआती दौर में ही समर्थन मिला। इनके माध्यम से मुझे दुनिया भर के अपने जैसे लोगों से मिलने का अवसर मिला, जिससे मुझे भविष्य के सहयोगियों का एक समुदाय बनाने में मदद मिली। पहली फिल्में नाजुक होती हैं और क्रिटिक्स वीक जैसे सेक्शन में उनका पोषण करने से उन्हें पहले से स्थापित फिल्म निर्माताओं के काम के बीच फलने-फूलने में मदद मिलती है

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त



# US Stock Market:

## मुनाफे की चमक से वॉल स्ट्रीट नई ऊंचाई पर लेकिन ईरान तनाव से 100 डॉलर पार तेल ने बढ़ाई चिंता



### जीई वर्नोवा के शेयर करीब 13.7% चढ़े

इस तेजी में जीई वर्नोवा का बड़ा योगदान रहा, जिसके शेयर करीब 13.7% चढ़ गए। कंपनी ने उम्मीद से ज्यादा मुनाफा कमाया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े डेटा सेंटरों के लिए भारी ऑर्डर मिले। इसी तरह बोस्टन साइंटिफिक, बोइंग और फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल के शेयर भी मजबूत तिमाही नतीजों के बाद तेजी से बढ़े। दूसरी ओर, गांजा (कैनाबिस) सेक्टर की कंपनियों में तेजी आई। रिपोर्ट्स के अनुसार ट्रंप प्रशासन मारिजुआना को कम खतरनाक श्रेणी में डालने की तैयारी कर रहा है, जिससे इस इंडस्ट्री पर टैक्स का बोझ कम हो सकता है। इससे टिलरे ब्रांड्स और कैनोपी ग्रोथ के शेयरों में जोरदार उछाल आया। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम बढ़ाने की बात तो कही, इससे संकट और गहराता दिख रहा है।

ईरान से जंग के बीच बुधवार को अमेरिकी शेयर मार्केट ने नई ऊंचाई को छुआ। हालांकि कच्चे तेल की कीमत ने 100 डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया। वहीं, वैश्विक बाजारों की बात करें तो यूरोप में गिरावट रही, जबकि एशिया में मिला-जुला रुख दिखा। जापान का निक्की 225 थोड़ा बढ़ा, लेकिन हांगकांग का हांग सेंग नीचे चला गया। अमेरिका के शेयर बाजार में बुधवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली और प्रमुख इंडेक्स नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। एसएंडपी 500 करीब 1% चढ़कर अपने पिछले ऑल-टाइम हाई को पार कर गया। वहीं डाउ जोन्स औद्योगिक औसत में 340 अंकों की बढ़त रही और नैस्डैक कंपोजिट ने भी 1.6% उछलकर नया रिकॉर्ड बना लिया। बड़ी कंपनियों के उम्मीद से बेहतर नतीजों ने बाजार को मजबूती दी।हालांकि इस उत्साह के बीच एक बड़ी चिंता भी बनी रही- तेल की कीमतें। बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल की कीमत 3.5% बढ़कर 101 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई। इसकी बड़ी वजह ईरान के साथ जारी युद्ध है, कंपनी की सीईओ कोरी बैरी के पद छोड़ने की घोषणा हुई।

# Business Updates:

## अटल पेंशन के सदस्यों की संख्या नौ करोड़ पार; 36 रुपये का अंतिम लाभांश देगी टेक महिंद्रा



### रियल एस्टेट- निवेश 72% बढ़कर रिकॉर्ड 5.1 अरब डॉलर

वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में पूंजी निवेश सालाना आधार पर 72 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 5.1 अरब डॉलर पहुंच गया। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई के मुताबिक, रिकॉर्ड निवेश में डेवलपर्स की मुख्य हिस्सेदारी रही। इसके बाद रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) का स्थान रहा। आंकड़ों के मुताबिक, कुल निवेश में डेवलपर्स की हिस्सेदारी 42 फीसदी रही, जबकि रीट का 40 फीसदी योगदान रहा। कुल निवेश का 96 फीसदी हिस्सा घरेलू निवेशकों से प्राप्त हुआ, जिसमें डेवलपर्स की प्रमुख भूमिका रही। सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और पश्चिम एशिया संकट के बीच कीमतों में वृद्धि से निपटने के लिए इंडक्शन चूल्हे के महत्वपूर्ण उपकरणों पर सीमा शुल्क में कटौती करने पर विचार कर रही है।एक अधिकारी ने बताया, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने इंडक्शन चूल्हे को और अधिक किफायती बनाने के लिए इन पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी करने की सिफारिश भी की है। इंडक्शन कुकटॉप क्षेत्र में मांग-आपूर्ति की चुनौतियों से निपटने और आपूर्ति एवं कीमतों को स्थिर करने के लिए उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने वाणिज्य विभाग और बिजली मंत्रालय के साथ मिलकर हितधारकों के साथ परामर्श किया है।डीपीआईआईटी की संयुक्त सचिव निधि केसरवानी ने कहा, पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ)सुरक्षात्मक उपाय किए हैं।

केंद्र की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना... अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के सदस्यों की संख्या नौ करोड़ के पार पहुंच गई है। योजना की बढ़ती पहुंच और प्रभाव के चलते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल नामांकन 1.35 करोड़ सदस्यों से अधिक हो गया है। टेक महिंद्रा का वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16 फीसदी बढ़कर 1,353.8 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के बोर्ड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए पांच रुपये अंकित मूल्य वाले हर शेयर पर 36 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। चौथी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 817 घटकर 75,377 रह गई। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। वहीं पिछले दिन बुधवार को सेंसेक्स 756.84 अंक गिरकर 78,516.49 पर बंद हुआ था , जबकि एनएसई निफ्टी 198.50 अंक की गिरावट के साथ 24,378.10 पर बंद हुआ था। शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 577.71 अंक या 0.74% गिरकर 77,938.78 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 156.45 अंक या 0.64% गिरकर 24,221.65 अंक पर आ गया।अनुज चौधरी ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारतीय शेयर बाजार से पैसे निकाल रहे हैं। दबाव के बीच रुपये में नकारात्मक रुझान बने रहने की उम्मीद है। हालांकि, अमेरिकी डॉलर के नरम होने से रुपये में तेज गिरावट रुक सकती है।

# Gold-Silver Price

## सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट; चांदी 5700 रुपये टूटी, सोने के भाव में भारी नरमी



सर्राफा बाजार में शुक्रवार को बड़ी गिरावट दिखी। दिल्ली में चांदी 5,700 रुपये फिसल गई और सोने के भाव 1,600 रुपये कमजोर पड़े हैं। सोने-चांदी के ताजा भाव, वैश्विक बाजार का असर और विशेषज्ञों की राय जानने के लिए पढ़ें खबर। घरेलू बाजार में कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमतों में 5,700 रुपये की भारी गिरावट आई, जबकि सोने के भाव भी 1,600 रुपये तक लुढ़क गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और घरेलू बाजार में सुस्त मांग ने कीमती धातुओं की चाल को काफी हद तक धीमा कर दिया है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को चांदी (सफेद धातु) 2.2 प्रतिशत यानी 5,700 रुपये टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई। इन कीमतों में सभी कर शामिल हैं। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने के भाव में भी 1.01 प्रतिशत यानी 1,600 रुपये की कमी दर्ज की गई, जिसके बाद यह 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। घरेलू बाजार के विपरीत, अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी में तेजी दिखी, जबकि सोना दबाव में रहा। विदेशी बाजारों में स्पॉट गोल्ड मामूली गिरावट के साथ 4,786.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 1.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.28 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। जो बुलिश ट्रैक्शन की कमी को दर्शाता है। मजबूत अमेरिकी डॉलर और स्थिर ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड के कारण भी सोने पर दबाव बना हुआ है। इसके अतिरिक्त, होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार सतर्क बना हुआ है

# Iran War:

## ईरान संकट बीच भारत की नए बाजारों में जमने की तैयारी नीति आयोग की रिपोर्ट में दावा



ईरान संकट के बीच भारत कारोबार के लिए नए बाजारों में जमने की तैयारी में है। इसके लिए कनाडा, इस्राइल, श्रीलंका, पेरू, चिली, ऑस्ट्रेलिया और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर तेजी से काम हो रहा है। फिलीपींस और मालदीव के साथ भी बातचीत आगे बढ़नी है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तरी अमेरिका (विशेषकर अमेरिका) और यूरोप (नीदरलैंड्स के नेतृत्व में) जैसे पारंपरिक बाजार निर्यात के प्रमुख आधार बने रहे। उत्तर-पूर्व एशिया और पूर्वी अफ्रीका जैसे उभरते क्षेत्र महत्व प्राप्त कर रहे हैं। यह धीरे-धीरे विविधीकरण को दर्शाता है। मुक्त व्यापार समझौतों के जरिये भारत का कुल व्यापार 2024 में बढ़कर 28.8 फीसदी पहुंच गया, जो 2006 में 4.6 फीसदी था। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता लागू हो जाने के बाद यह हिस्सेदारी और बढ़ेगी।भारत के कुल निर्यात-आयात में खाड़ी क्षेत्र की करीब 12 फीसदी है। इसमें यूएई (निर्यात 7.5 फीसदी एवं आयात 6.1 फीसदी) और सऊदी अरब (निर्यात 2.36 फीसदी व आयात 3.9 फीसदी) प्रमुख साझेदार हैं। यूएई एक प्रमुख पुनः निर्यात केंद्र के रूप में कार्य करता है,

## Allan Border on Vaibhav Sooryavanshi: वैभव सूर्यवंशी पर फिदा एलन बॉर्डर ब्रायन लारा से की तुलना दी खास सलाह



वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे हैं, जिनकी बल्लेबाजी ने दिग्गजों को भी प्रभावित किया है। एलन बॉर्डर ने उनकी तुलना ब्रायन लारा से करते हुए तारीफ की, लेकिन साथ ही डिफेंस मजबूत करने की सलाह भी दी। भारतीय क्रिकेट में एक नया सितारा तेजी से उभर रहा है। उस खिलाड़ी का नाम है वैभव सूर्यवंशी। महज 15 साल की उम्र में इस युवा बल्लेबाज ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से हर किसी को हैरान कर दिया है। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था और उन्होंने इस भरोसे को शानदार प्रदर्शन से सही साबित किया। वैभव ने अपने डेब्यू मैच में पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर सबका ध्यान खींचा, लेकिन असली धमाका उन्होंने दूसरे मैच में किया, जहां उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों में शतक ठोक दिया। यह आईपीएल इतिहास में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज शतक रहा। वैसे तो दुनिया भर के दिग्गजों ने इस युवा बल्लेबाज की तारीफ की है, लेकिन अब उन्हें तारीफ ऑस्ट्रेलिया के एक महान बल्लेबाज से मिली है। बॉर्डर ने वैभव की तुलना वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा से भी की। उन्होंने कहा, 'मैं अभी यह नहीं कह सकता कि वह टेस्ट क्रिकेट में कितने सफल होंगे, लेकिन उनमें ब्रायन लारा की झलक साफ दिखाई देती है। उनके पास लंबा सफर है, लेकिन वह मैदान के हर कोने में शॉट खेलने की क्षमता रखते हैं।' हालांकि तारीफ के साथ बॉर्डर ने वैभव को एक जरूरी सलाह भी दी। उन्होंने कहा, 'वैभव को अब अपनी डिफेंस को मजबूत करना सीखना होगा।' आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद वैभव ने अंडर-19 स्तर पर भी अपनी प्रतिभा दिखाई।

## 2011 वर्ल्ड कप की इस गलती पर पछतावा!: रोहित शर्मा से क्यों बोले पूर्व चयनकर्ता- माफ करना बॉस? जानें पूरा मामला

2011 वर्ल्ड कप से रोहित शर्मा का बाहर होना भारतीय क्रिकेट के सबसे चर्चित फैसलों में से एक रहा। अब पूर्व चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत ने इस पर माफी मांगते हुए बताया कि टीम में 'हाफ ऑलराउंडर' रणनीति के कारण रोहित को मौका नहीं मिल पाया, जबकि वह इसके हकदार थे। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा आज 38 साल की उम्र में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनके करियर का एक बड़ा अफसोस 2011 वनडे वर्ल्ड कप से बाहर रहना रहा। उस टूर्नामेंट में एमएस धोनी की कप्तानी में भारत ने श्रीलंका को हराकर 28 साल बाद खिताब जीता था। भारत के पूर्व चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत (क्रिस श्रीकांत) ने अब इस फैसले पर अफसोस जताया है। क्रिकेट पंडित अयाज मेमन से बातचीत के दौरान उन्होंने रोहित से माफी मांगने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा, 'मुझे आज भी उसके लिए बुरा लगता है। मैंने रोहित से पिछले साल कहा था-मैं माफी चाहता हूं, बॉस।



यह जानबूझकर नहीं किया गया था, लेकिन हम कुछ ऐसे खिलाड़ियों को लेना चाहते थे जो आधे ऑलराउंडर हों। हमारी सोच 1983 वर्ल्ड कप जैसी थी। आखिर में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट कौन था? युवराज सिंह। बैट और बॉल दोनों से उसने शानदार प्रदर्शन किया।' श्रीकांत ने बताया कि उस समय टीम संयोजन में ऐसे खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गई जो बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी योगदान दे सकें। उन्होंने कहा, 'हमारे पास वीरेंद्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर, सुरेश रैना और यूसुफ पठान थे, जो कुछ ओवर डाल सकते थे। हरभजन के बैकअप के तौर पर अश्विन भी थे।

## IPL: इकाना में लखनऊ की लगातार सातवीं हार गेंदबाजों की मेहनत पर बल्लेबाजों ने फेरा पानी RR ने लगाई छलांग



राजस्थान ने लखनऊ को 40 रनों से हरा दिया। बुधवार को खेले गए आईपीएल मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने 159 रन बनाए, जिसके जवाब में लखनऊ की टीम सिर्फ 119 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 40 रनों से हरा दिया। बुधवार को इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने रवींद्र जडेजा की नाबाद 43 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में छह जवाब में लखनऊ की टीम 18 ओवर में 10 विकेट पर 119 रन ही बना सकी। उनके लिए मिचेल मार्श ने सर्वाधिक 55 रनों की पारी खेली। घरेलू मैदान पर यह लखनऊ की आईपीएल में लगातार सातवीं हार है। इस मामले में टीम ने डेक्कन चार्जर्स और पुणे वॉरियर्स की बराबरी कर ली। दोनों ही टीमों ने हैदराबाद और पुणे में लगातार सात मैच हारे थे। वहीं, इस मामले में शीर्ष पर दिल्ली कैपिटल्स है, जिन्होंने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 2013-15 के बीच लगातार नौ मुकाबले गंवाए। लखनऊ के खिलाफ जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स ने अंक तालिका में छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया। सात में से पांच मैच जीत चुकी राजस्थान के खाते में 10 अंक हो गए हैं और उनका नेट रन रेट +0.790 का है। वहीं, लखनऊ सात में से पांच मुकाबले हारकर नौवें स्थान पर बनी हुई है। उनका नेट रन रेट -1.277 का हो गया है। शीर्ष पर फिलहाल पंजाब किंग्स का दबदबा है, जो अब तक इस टूर्नामेंट में अजेय है। आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद आठ-आठ अंकों के साथ क्रमश: तीसरे

## Video: भूल तो नहीं गए नोटबुक सेलिब्रेशन! रवि बिश्नोई ने दिलाई दिग्वेश राठी की याद इस तरह मनाया विकेट का जश्न

लखनऊ के बल्लेबाज हिम्मत सिंह का विकेट लेने के बाद राजस्थान के गेंदबाज रवि बिश्नोई ने अनोखे अंदाज में जश्न मनाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को उनके घर में 40 रनों से मात दे दी। टीम की इस जीत में गेंदबाजों का अहम योगदान रहा, जिन्होंने 159 रनों के स्कोर को बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। इकाना में खेले गए इस मुकाबले में रवि बिश्नोई चर्चा में रहे। इसकी वजह उनका अनोखा जश्न रहा। रवि बिश्नोई ने इस मैच में हिम्मत सिंह का विकेट लिया। इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर आए इस दाएं हाथ के बल्लेबाज को राजस्थान के स्पिनर ने बोल्ड किया। वह 15 गेंदों में 15 रन बना पाए। हिम्मत सिंह का विकेट लेने के बाद रवि बिश्नोई ने खास अंदाज में जश्न मनाया, जिसकी चर्चा अब सभी जगहों पर हो रही है।



भारतीय गेंदबाज ने लखनऊ के गेंदबाज दिग्वेश राठी के नोटबुक सेलिब्रेशन जश्न को कॉपी किया, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को उनके घर में 40 रनों से मात दे दी। टीम की इस जीत में गेंदबाजों का अहम योगदान रहा, जिन्होंने 159 रनों के स्कोर को बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। इकाना में खेले गए इस मुकाबले में रवि बिश्नोई चर्चा में रहे। इसकी वजह उनका अनोखा जश्न रहा। जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 40 रनों से हरा दिया।

## ODI WC 2011: 15 साल पहले विश्वकप के लिए क्यों नहीं हुआ था रोहित शर्मा का चुनाव? चयनकर्ता का खुलासा मांगी माफी

भारत ने 2011 में दूसरी बार वनडे विश्व कप का खिताब जीता था। उस वक्त रोहित शर्मा टीम का हिस्सा नहीं बन पाए थे। इसके पीछे की वजह का खुलासा अब हुआ है। 1983 के बाद बाद भारतीय टीम ने 2011 में दूसरी बार वनडे विश्व कप का खिताब जीता था। उस वक्त टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी थे। टीम में सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और युवराज सिंह जैसे महान खिलाड़ी थे। हालांकि, रोहित शर्मा उस वक्त चुने गए स्क्वॉड का हिस्सा नहीं थे। इस पर बीसीसीआई के पूर्व मुख्य चयनकर्ता रहे कृष्णामाचारी श्रीकांत ने अब खुलकर बात की है। उन्होंने रोहित को टीम में शामिल न करना एक दुर्भाग्यपूर्ण फैसला बताया है। श्रीकांत ने बताया कि चयन के समय टीम प्रबंधन की सोच ऐसे खिलाड़ियों को चुनने की थी जो बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि उनका रणनीतिक दृष्टिकोण 1983 क्रिकेट विश्व कप की तर्ज पर था जहां ऑलराउंड प्रदर्शन अहम भूमिका निभाता है। श्रीकांत ने 'द वीक' पॉडकास्ट पर अयाज मेमन से कहा, 'मुझे आज भी




रोहित के लिए बुरा लगता है। मैंने पिछले साल उससे कहा था सॉरी बॉस। यह जानबूझकर नहीं किया गया था, लेकिन हम ऐसे खिलाड़ियों को लेना चाहते थे जो कुछ ओवर गेंदबाजी भी कर सकें।' उस समय एमएस धोनी की कप्तानी में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया और 2011 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में श्रीलंका को हराकर 28 साल बाद खिताब जीता। इस टूर्नामेंट में युवराज सिंह ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब जीता।

श्रीकांत के अनुसार टीम में उस समय कई ऐसे खिलाड़ी थे जो पार्ट-टाइम गेंदबाजी कर सकते थे, जैसे वीरेंद्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर, सुरेश रैना और यूसुफ पठान। इसी वजह से रोहित शर्मा जैसे विशेषज्ञ बल्लेबाज को जगह नहीं मिल पाई। हालांकि, श्रीकांत ने माना कि रोहित उस समय टीम में जगह पाने के पूरी तरह हकदार थे, लेकिन हाफ ऑलराउंडर रणनीति के कारण वे बाहर रह गए। बता दें कि, रोहित शर्मा ने कई बार 2011 विश्व कप में न खेलने का अफसोस जताया है। उन्होंने 2007 टी20 विश्व कप और 2024 टी20 विश्व कप जीते हैं, साथ ही 2013 चैंपियंस ट्रॉफी और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भी खिताबी जीत का हिस्सा रहे हैं, लेकिन अभी तक वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा नहीं बन पाए हैं। वहीं, 2023 क्रिकेट विश्व कप में रोहित की कप्तानी में भारत फाइनल तक पहुंचा, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हारकर खिताब से चूक गया। लेकिन हम ऐसे खिलाड़ियों को लेना चाहते थे जो कुछ ओवर गेंदबाजी भी कर सकें।' उन्होंने कहा कि उनका रणनीतिक दृष्टिकोण 1983 क्रिकेट विश्व कप की तर्ज पर था,


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
इस 2025 शुरू करे अपनी Fintech Company और बनाएँ
अपना खुद का Multi Recharge Software
ADMIN PANEL
API PANEL
आपका भरोसा, हमारी पहचान PlanetC Technology सदा आपके साथ
Software / Api Panel / All other Validation
B2B B2C Software | AEPS DMT Software | White Lebal Software | HRMS Software | Multi Recharge Software
| CRM Software | School Software | News Software | Inventory Software | Ecommerce Software
Rs.60,000
मात्र
Rs. 50,000
Account Opening
DMT (MoneyTransfer)
DTH Recharge
AEPS
CMS Service
Fastag Recharge
Insurance
Utility Bills
Postpaid Recharge
PlanetC Technology की विश्वसनीय वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाएं
और अपने जीवन को बेहद सरल बनाएं।
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300
Follow us on:/


PLANET NEWS
WE ARE HIRING!
We are looking for
Graphic Designer & Video Editor
News Anchor
News Reporter
APPLY NOW
Mail your resume to info@planetnewsindia.com
+91-7088120300
www.planetnewsindia.com


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
VACANCY
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612